**ओआईएच**

भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2601**

दिनांक 16 दिसम्बर, 2025

**कृषि क्षेत्र में अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देना**

**2601. श्री निलेश ज्ञानदेव लंके:**
**डॉ. शिवाजी बंडाप्पा कालगे:**
**श्री ज्ञानेश्वर पाटील:**
**श्री संदिपनराव आसाराम भुमरे:**

क्या **कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार द्वारा कृषि क्षेत्र में, विशेषकर जलवायु अनुकूल कृषि और सूखा प्रतिरोधी किस्मों के विकास में अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) को बढ़ावा देने के लिए जा रहे विभिन्न कार्यकलापों का ब्यौरा क्या है;

(ख) देशभर के किसानों तक नवीनतम कृषि प्रौद्योगिकियों और सूचना का प्रसार करने के लिए कृषि विस्तार सेवाओं को किस प्रकार सुदृढ़ किया जा रहा है; और

(ग) विशेषकर महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के लिए तत्संबंधी शहर-वार सहित राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री**
**(श्री भागीरथ चौधरी)**

**(क) :** सरकार, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR) की अग्रणी नेटवर्क परियोजना ''राष्ट्रीय जलवायु अनुकूल कृषि नवाचार (NICRA)'' द्वारा भाकृअनुप संस्थानों, राज्य कृषि विश्वविद्यालयों तथा अन्य अग्रणी राष्ट्रीय संस्थानों के अंतर्गत देशभर में स्थित अपने 25 केंद्रों के माध्यम से जलवायु-अनुकूल प्रौद्योगिकियों के विकास पर अनुसंधान करती है एवं विकास गतिविधियां चलाती है। जलवायु-अनुकूल प्रौद्योगिकियों यथा जलवायु-अनुकूल किस्में, अंतर-फसलचक्र प्रणालियां, संरक्षित कृषि, फसल विविधीकरण, कृषि-वानिकी प्रणालियां, शून्य-जुताई बुवाई, हरी खाद, एकीकृत कृषि प्रणालियां, एकीकृत पोषक तत्व एवं नाशीजीव प्रबंधन, जैविक खेती, स्थान-विशिष्ट पोषक तत्व प्रबंधन, *स्व-स्थाने* नमी संरक्षण, सुरक्षात्मक/पूरक सिंचाई, सूक्ष्म सिंचाई विधियां तथा संतुलित राशन के लिए पूरक आहार, उन्नत चारा फसलों का उपयोग और पशु आवास एवं नस्ल आदि सहित पशु संबंधी प्रौद्योगिकियों का विकास किया गया है। इन प्रौद्योगिकियों को कुल 27 राज्यों तथा 3 केंद्र शासित प्रदेशों के लिए दस्तावेजी रूप दिया गया है।

वर्ष 2014-25 के दौरान भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR) द्वारा कुल 3236 खेत फसल किस्में विकसित की गई हैं जिनमें से 2996 किस्में जलवायु-अनुकूल हैं। इन किस्मों में अनाज की 1455, तिलहन की 397, दलहन की 446, चारा फसलों की 168, रेशा फसलों की 392, अन्य फसलों की 27 और गन्ने की 96 किस्में शामिल हैं। इनमें कुल 341 सूखा सहिष्णु किस्में शामिल हैं जैसे कि तिलहन (25); दलहन (43); रेशा फसलें (18); चारा फसलें (16); गन्ना (36); तथा अन्य फसलें (3)।

**(ख) एवं (ग) :** देशभर में किसानों तक नवीनतम कृषि प्रौद्योगिकियों और सूचना का प्रसार करने और इसका सुदृढ़ीकरण करने के लिए सरकार द्वारा किसानों और प्रसार कार्मिकों के बीच प्रौद्योगिकी मूल्यांकन, प्रदर्शन और क्षमता विकास हेतु देशभर में कृषि विज्ञान केंद्र योजना को लागू किया जा रहा है। देश में कुल 731 कृषि विज्ञान केंद्र कार्य कर रहे हैं। जिला स्तर पर कृषि विज्ञान केंद्र, विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (MGNREGA), कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन एजेंसी (ATMA), राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (NFSM), राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (RKVY), प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (PMKSY), खेत-तालाब योजना और राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (NABARD) आदि के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य करते हैं। जलवायु-अनुकूल तकनीकों के विस्तार और व्यापक प्रसार के लिए ग्राम स्तरीय जलवायु जोखिम प्रबंधन समितियाँ, कस्टम हायरिंग केंद्र, बीज बैंक और चारा बैंक जैसी गतिविधियाँ संचालित की गईं। साथ ही, संभावित मौसम परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए कृषि विज्ञान केंद्रों द्वारा किसानों को सही और समय पर निर्णय लेने में सहायता के लिए समय-समय पर कृषि परामर्श जारी किया जाता है।

स्थापित कृषि विज्ञान केंद्रों की राज्य-वार संख्या को **अनुबंध- I** में प्रस्तुत किया गया है। मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र के कृषि विज्ञान केंद्रों की जिला-वार सूची **अनुबंध- II** में प्रस्तुत है।

*******

**अनुबंध-I**

**{लोक सभा के दिनांक 16.12.2025 के अतारांकित प्रश्न सं. 2601 का भाग (ख) एवं (ग)}**

## भारत में कृषि विज्ञान केंद्रों की राज्य-वार सूची

| **राज्य** | **कुल** |
|---|---|
| अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह | 03 |
| आंध्र प्रदेश | 24 |
| अरुणाचल प्रदेश | 17 |
| असम | 26 |
| बिहार | 44 |
| छत्तीसगढ | 28 |
| दिल्ली | 01 |
| गोवा | 02 |
| गुजरात | 30 |
| हरियाणा | 18 |
| हिमाचल प्रदेश | 13 |
| जम्मू एवं कश्मीर | 20 |
| झारखंड | 24 |
| कर्नाटक | 33 |
| केरल | 14 |
| लद्दाख | 04 |
| लक्षद्वीप | 01 |
| मध्य प्रदेश | 54 |
| महाराष्ट्र | 50 |
| मणिपुर | 09 |
| मेघालय | 07 |
| मिजोरम | 08 |
| नगालैंड | 11 |
| ओडिशा | 33 |
| पुदुचेरी | 03 |
| पंजाब | 22 |
| राजस्थान | 47 |
| सिक्किम | 04 |
| तमिलनाडु | 32 |
| तेलंगाना | 16 |
| त्रिपुरा | 08 |
| उत्तर प्रदेश | 89 |
| उत्तराखंड | 13 |
| पश्चिम बंगाल | 23 |
| **कुल** | **731** |

*******

**अनुबंध-II**

**{लोक सभा के दिनांक 16.12.2025 के अतारांकित प्रश्न सं. 2601 का भाग (ख) एवं (ग)}**

**मध्य प्रदेश में कृषि विज्ञान केंद्रों की जिला-वार संख्या**

| **जिला** | **कृषि विज्ञान केंद्रों की संख्या** | **जिला** | **कृषि विज्ञान केंद्रों की संख्या** |
|---|---|---|---|
| आगरमालवा | 1 | मांडला | 1 |
| अलीराजपुर | 1 | मन्दसौर | 1 |
| अनूपपुर | 1 | मऊगंज | 0 |
| अशोक नगर | 1 | मुरैना | 1 |
| बडवानी | 1 | नरसिंहपुर | 1 |
| बालाघाट | 1 | नीमच | 1 |
| बनखेड़ी | 1 | निवाड़ी | 0 |
| बैतूल | 1 | पंधुरना | 0 |
| भिंड | 1 | पन्ना | 1 |
| भोपाल | 1 | रायसेन | 1 |
| बुरहानपुर | 1 | राजगढ़ | 1 |
| छतरपुर | 1 | रतलाम | 1 |
| छिंदवाड़ा | 2 | रीवा | 1 |
| दमोह | 1 | सागर | 2 |
| दतिया | 1 | सतना | 1 |
| देवास | 1 | सीहोर | 1 |
| धार | 2 | सिवनी | 1 |
| डिंडोरी | 1 | शाहडोल | 1 |
| गुना | 1 | शाजापुर | 1 |
| ग्वालियर | 1 | श्योपुर | 1 |
| हरदा | 1 | शिवपुरी | 1 |
| इंदौर | 1 | सीधी | 1 |
| जबलपुर | 1 | सिंगरौली | 1 |
| झाबुआ | 1 | टीकमगढ़ | 1 |
| कटनी | 1 | उज्जैन | 1 |
| खंडवा | 1 | उमरिया | 1 |
| खरगौन | 1 | विदिशा | 1 |
| मैहर | 0 | **कुल केवीके** | **54** |

**महाराष्ट्र में कृषि विज्ञान केंद्रों की जिला-वार संख्या**

| **जिला** | **कृषि विज्ञान केंद्रों की संख्या** | **जिला** | **कृषि विज्ञान केंद्रों की संख्या** |
|---|---|---|---|
| अहमदनगर (अहिल्या नगर) | 2 | नंदुरबर | 1 |
| अकोला | 1 | नासिक | 2 |
| अमरावती | 2 | उस्मानाबाद (धाराशिव) | 1 |
| छत्रपति संभाजी नगर | 2 | पालघर | 1 |
| बीड | 2 | परभनी | 1 |
| भंडारा | 1 | पुणे-। | 2 |
| बुलढाणा | 2 | रायगढ़ | 1 |
| चंद्रपुर | 1 | रत्नागिरि | 1 |
| धुले | 1 | सांगली । | 2 |
| गढ़चिरौली | 1 | सतारा | 2 |
| गोंदिया | 1 | सिंधुदुर्ग | 1 |
| हिंगोली | 1 | सोलापुर | 2 |
| जलगांव | 2 | थाणे | 1 |
| जालना | 2 | वर्धा | 1 |
| कोल्हापुर | 2 | वाशिम | 1 |
| लातूर | 1 | यवतमाल-। | 2 |
| नागपुर | 2 | **कुल केवीके** | **50** |
| नांदेड़ | 2 | | |

*******